




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 157 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 24 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया




## चांदी चढ़ी, हुई लखपति

### सोने-चांदी के दामों में ऐतिहासिक उछाल, चांदी एक लाख पार, सोना 91 हजार

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सोने और चांदी के दामों में इन दिनो आग झर तेजी है। इसका असर विवाह समारोहो में दुल्हन के गहनों के वजन या क्वालिटी पर भी पड़ता दिख रहा है। क्योंकि शुद्धता पर समझौता भी मजबूरी बनता जा रहा है। हालांकि विवाह समारोहो पर फिलहाल ब्रेक लगा हुआ है। लेकिन, 02 अप्रैल से फिर से शादियों की गूंज शुरु हो जाएगी। बरसों में पहली बार चांदी का भाव 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के पार चला गया है। जबकि, सोना 91 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच चुका है। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर तनाव और अमेरिकी बाजार की स्थिति के कारण सोना-चांदी के दाम तेजी से बढ़ रहे है।

मार्च 2024 से मार्च 2025 के बीच सोना और चांदी के भावों में भारी उछाल देखा गया है। एक साल पहले मार्च 2024 में फाइन सोना 66 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम था जो अब बढ़कर 91 हजार रुपए पर पहुंच गया है। इसी तरह पहले चांदी की कीमत 75 हजार रुपए से बढ़कर 01 लाख 1 हजार रुपए प्रति किलो तक हो गई है।

बढ़ती कीमतों के चलते सराफा बाजार में हलचल मची हुई है। व्यापारियों के अनुसार, जब सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, तो इसका असर खरीदारी पर भी पड़ता है। व्यापारियों ने बताया कि अमेरिका की आर्थिक नीतियों के कारण कीमतों में उछाल आया है और निकट भविष्य में गिरावट के आसार नहीं दिख रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार जनवरी 2025 से अब तक सोना 12 हजार और चांदी 9 हजार रुपए महंगी हो चुकी है, जिससे ग्राहकों की खरीदारी प्रभावित हो रही है।

#### 18 कैरेट के सोने की ओर रुझान...

शादी-विवाह वाले घरों में दूल्हा और दुल्हन के लिए स्वर्ण आभूषणों की खरीदारी की जाती है। जिसमें दुल्हन के लिए दिए जाने वाले गहने की मात्रा ज्यादा होती है। जब पहले दाम लोगों की पहुंच में हुआ करते थे। तब शादी विवाह वाले घरों में 24 या 22 कैरेट सोने की खरीदारी की जाती थी। लेकिन, आसमान छूते दामों के कारण अब लोग 20 और 18 कैरेट को सबसे ज्यादा तवज्जो दे रहे है। वह भी लोग कम मात्रा में ही खरीद रहे है।

### मंदसौर पुलिस ने सरवन थाने पर दी सूचना...

# अड़तीस दिन बाद मिले पोस्ट मास्टर..!

### पिपलियामंडी से घर ले गए, गोपाल के बारे में जांच करेंगी पुलिस

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम जिले के सरवन पोस्ट ऑफिस से लापता पोस्ट मास्टर संदीप कुमायूं 38 दिन बाद घर पहुंचे। नीमच के व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर डाले गए फोटो के जरिए पहचान की। परिजनों को सूचना देकर संदीप को पिपलियामंडी से घर ले गया। इधर मंदसौर पुलिस ने सरवन पुलिस को इसकी जानकारी दी। अब बात करें इस मामले में जमालपुरा के गोपालसिंह की तो इस मामले में भी जांच की जा रही है। बता दें कि 13 फरवरी को रतलाम से 40 किमी दूर सरवन स्थित पोस्ट ऑफिस के पोस्ट मास्टर संदीप पिता दौलतराम कुमायूं उम्र 39 वर्ष ड्यूटी से लापता हो गए थे। रात तक घर नहीं लौटने पर पुलिस को सूचना दी गई। रिश्तेदारों में भी तलाश किया, लेकिन नहीं मिले। तब से परिजन लगातार संदीप की तलाश कर रहे थे।

संदीप के भाई संजीव कुमायू का कहना है कि लगातार सोशल मीडिया पर भाई की तलाश के लिए फोटो व सूचना डाली थी। 21 मार्च की सुबह 9 बजे नीमच जिले से कमलसिंह नाम के व्यक्ति का फोन आया। भाई का फोटो भेजा। लेकिन, फोटो देख हम भी पहचान नहीं पाए। क्योंकि, बाल व दाढ़ी बढ़ी हुई थी। तब सामने वाले ने बताया कि संदीप के नाक पर काला तिल है। तब जाकर हमें कंफर्म हुआ। तब उनसे कहा कि आप कहां तक इन्हें लेकर आ सकते है। तब वह लोग पिपलिया मंडी तक लेकर आए। यहां मैं ड्रायवर के साथ कार लेकर वहां पहुंचा। तब वहां पर उन लोगों ने भाई से पूछा कि यह कौन है तो वह कुछ देर तक तो देखता रहा। बाद में कहा कि भाई है। तब वहां से लेकर मंदसौर के वायडी नगर थाने पहुंचे। पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया। मंदसौर पुलिस ने सरवन थाने को जानकारी दी। तब भाई को लेकर रात में घर पहुंचे। दूसरे दिन दोपहर संदीप को लेकर भाई संजीव, रिश्तेदार योगेंद्र राजपूत (खरगोन), जसवंत चौधरी (खरगोन), मामा हंसराज कुमार (महू), नारायण मेघवाल लेकर सरवन थाना पहुंचे, जहां संदीप के बयान लिए गए।

#### पत्नी से नाराज होकर गया, परिजनों को नहीं पहचान पा रहा...

सरवन थाना प्रभारी अर्जुन सेमलिया ने बताया प्रारंभिक जांच में गुमशुदा संदीप कुमायू ने अपनी पत्नी से नाराज होकर घरवालों के बिना बताए अपनी मर्जी से जाना बताया। इस दौरान वह उज्जैन, हरिद्वार, प्रयागराज तरफ रहा। बाद में दोस्त गोपालसिंह सिसौदिया की रिश्तेदारी में चले जाना बताया। साथ ही पोस्ट ऑफिस से जो नगदी लेकर गया था, वह घर पर रखना बताया। भाई संजीव का कहना है कि भाई संदीप की मानसिक स्थिति सही नहीं है। घरवालों को भी पूरी तरह से पहचान नहीं पा रहा है। जो उनसे पूछा जा रहा है उस में हां में हां कहता जा रहा है। जब तक पूरी तरह से वह ठीक नहीं होते है तब तक कुछ भी कहा नहीं जा सकता। पोस्ट ऑफिस की जो राशि थी, वह भी हमने पोस्ट ऑफिस में जमा करा दी है। अधिकारियों को भी इस बारे में जानकारी दी है। संदीप की मां का कहना है कि जब वह घर आया तब लोअर व शर्ट में था। जबकि, घर से जींस पहनकर गया था। गले में सोने की चेन थी, मोबाइल था। लेकिन, इसके साथ कुछ नहीं मिला। संदीप की हालत यह थी कि पिछले कुछ दिनों से खाना तक नहीं खाया था। परिजनों के मुताबिक नीमच जिले के 100 से 150 किमी अंदर स्थित माताजी मंदिर के बाहर बैठा रहता था। जहां जो कुछ खाने को दे जाता, वह खा लेता था।

#### गोपाल के बारे में जांच करेगी पुलिस...

थाना प्रभारी के अनुसार संदीप अपने दोस्त गोपालसिंह निवासी जमालपुरा मंदसौर के साथ गया था। गोपालसिंह लगातार संदीप के साथ प्रयागराज व अन्य स्थानों पर साथ में गया था। मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर में संदीप कुछ दिन तक रहा। बाद में गोपालसिंह के रिश्तेदार के यहां रहना बताया। गोपालसिंह मंदसौर में अपने निवास पर नहीं है। उसके बारे में जानकारी ली जा रही है। ताकि स्पष्टरूप से कारण सामने आ सके कि आखिर हुआ क्या था? थाना प्रभारी के अनुसार गोपालसिंह लापता होने के 15 दिन बाद अपने गांव लौट गया था। इसके बाद संदीप अलग-अलग स्थानों पर मंदिरों में रह रहा था।

## एमपी बोर्ड परीक्षा: आज से कॉपी चेक करने वालों की ऑनलाइन होगी अटेंडेंस

### तीन चरणों में पूरा किया जाएगा कॉपियों का मूल्यांकन कार्य

**भोपाल, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) ने 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन में इस बार काफी सख्ती बरती है। कई मूल्यांकनकर्ता समय से समन्वयक केंद्र नहीं पहुंच रहे हैं। निर्धारित नियम के अनुसार प्रत्येक शिक्षक को हर दिन कम से कम 30 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना है। लेकिन, ऐसा नहीं किया जा रहा है। इस कारण मंडल ने इस बार मूल्यांकनकर्ताओं की उपस्थिति को आनलाइन दर्ज करने की व्यवस्था की है। इसके लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है, जो सभी समन्वयक केंद्रों के पास होगा। सबसे पहले शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसके लिए मंडल ने सभी समन्वयक केंद्रों को निर्देश जारी किए हैं कि एक कम्प्यूटर सिस्टम और एक ऑपरेटर की व्यवस्था की जाए। आज 24 मार्च से सभी मूल्यांकनकर्ताओं को उपस्थिति ऑनलाइन दर्ज करनी होगी।

मंडल ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता मूल्यांकन केंद्र पर उपस्थित होने पर सर्वप्रथम मूल्यांकन केंद्र पर निर्धारित स्थान पर उक्त लिंक के माध्यम से अपने आईडी सिस्टम में दर्ज कराकर अपने आने का समय पंजीकृत कराएंगे। इसी तरह निकलने से पहले प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता फिर आईडी से निकलने का समय ऑनलाइन दर्ज कराएंगे। साथ ही एक दिन में कितनी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया। इसकी संख्या भी दर्ज करानी होगी। यह भी निर्देशित किया है कि अगर किसी मूल्यांकनकर्ता ने ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कराई तो उसे उस दिन अनुपस्थित मान्य किया जाएगा।




#### दूसरे चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू...

दूसरे चरण का मूल्यांकन कार्य शनिवार से शुरू हुआ है। सुबह 10.30 बजे से शाम 05.30 बजे तक मूल्यांकन कार्य संचालित किया जा रहा है। वहीं तीसरे चरण का मूल्यांकन कार्य 31 मार्च से शुरू होगा। अप्रैल के अंतिम सप्ताह तक मूल्यांकन पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस बार मई के दूसरे सप्ताह में रिजल्ट घोषित होने की संभावना है।

#### इनका कहना...

इस बार से मूल्यांकनकर्ताओं की ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज होगी। इसमें मूल्यांकन करने के बाद कॉपियों की संख्या भी दर्ज करनी होगी। इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किए गए हैं।

**केडी त्रिपाठी**
**सचिव, माशिमं मप्र भोपाल**

## चेतावनी के बावजूद निकाली थी पैदल यात्रा

### शांति भंग के आरोपी किसान कांग्रेस नेता गिरफ्तार, जैल भेजा

**जावरा, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस। उज्जैन- जावरा के बीच प्रस्तावित ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड फोरलेन का विरोध लगातार जारी है। रविवार को विरोध स्वरूप निकाली जा रही पैदल न्याय यात्रा की अगुआई करने वाले कांग्रेस नेता डीपी धाकड़ व राजेश भरावा को पुलिस ने बड़ावदा से गिरफ्तार कर लिया। उन्हें रतलाम लाकर जिला जेल भेज दिया गया। उज्जैन कमिश्नर संजय गुप्ता भी जावरा पहुंचे और स्थिति को देखा।**




बता दें शनिवार को जावरा में जनसंघर्ष समिति के बैनर तले फोरलेन से प्रभावित लोग जावरा से उज्जैन तक विरोध स्वरूप पैदल यात्रा निकालने वाले थे। इसके पहले ही पुलिस ने सभी आंदोलनकारियों को हिरासत में ले लिया था। सभी को पुलिस वाहन में बैठाकर घुमाते रहे। दो घंटे बाद पैदल यात्रा नहीं निकालने की चेतावनी देकर छोड़ दिया था। लेकिन, शनिवार शाम को ही सभी पैदल यात्रा के रूप में बड़ावदा पहुंच गए। वहां से जिले की आखरी सीमा के हनुमंतिया गांव पहुंच गए। रात से ही पुलिस आंदोलनकारी पर नजर रखे हुई थी। रविवार सुबह पुलिस ने पैदल यात्रा की अगुआई करने वाले जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस नेता डीपी धाकड़ व राजेश भरावा को अरेस्ट कर बड़ावदा पुलिस थाने लाई। इस दौरान एएसपी राकेश खाखा, एसडीओपी किशोर पाटनवाला, जावरा सीएसपी दुर्गेश आर्मो समेत बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। दोनों नेताओं को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस रतलाम के बड़े अस्पताल लाई। यहां मेडिकल करवाकर जिला जैल भेज दिया। दोनों नेताओं की गिरफ्तारी से विरोध करने वाले अन्य तितर-बितर हो गए।

#### उज्जैन कमिश्नर गुप्ता भी पहुंचे...

उज्जैन कमिश्नर संजय गुप्ता भी रविवार को जावरा पहुंचे। जावरा-उज्जैन बायपास पर जनसंघर्ष समिति के युसूफ कड़पा, मनोज मेहता, सुनील पोखरना आदि ने कमिश्नर को मांग पत्र सौपा। यहां कमिश्नर ने एमपीआरडीसी के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित फोरलेन निर्माण को लेकर निरीक्षण किया।

## अफीम तस्करी के दो आरोपी धराएं



**गरोठ, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अफीम तस्करी के दो आरोपियो को दबोच कर उनके कब्जे से करीब 02 लाख रुपए कीमत की एक किलो से अधिक अफीम बरामद की है।

मिली जानकारी के अनुसार एसआई भारत कटरा की टीम रात्रि गश्त के दौरान बोलिया रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस को दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो वे भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान दीपक चौहान और राहुल मेहर के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से प्लास्टिक के थैले में एक किलो से अधिक अफीम बरामद हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

थाना प्रभारी मनोज महाजन के अनुसार, दोनों आरोपियों को न्यायालय से रिमांड पर लिया गया है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि अफीम की सप्लाई कहां से की गई और इसे कहां पहुंचाया जाना था। मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत प्रकरण दर्ज किया हैं।

## नाहरगढ़ पुलिस और बांसाखेड़ी का डॉक्टर...!

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के लोध में पुलिस फायरिंग की खबर मिली।




हालांकि, पुलिस इस बात से इंकार करती रही। लेकिन, नाहरगढ़ थाने में गाडी खींच कर लाई गई, जिसे बड़ी संख्या में लोगो ने देखा। वैसे जब थाने के अंदर देखा गया तो गाड़ी कहीं ओर शिफ्ट कर दी गई थी।

बताया जाता है कि लोध में बांसाखेड़ी के डॉक्टर की गाड़ी को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, जब गाड़ी नहीं रोकी गई तो उसके टायर पर फायर किये गये। चार पहिया वाहन के चारो टायर फोड़ दिये गये। गाड़ी में मादक पदार्थ डोडाचुरा मिलने की खबर चली। यह भी बताया जाता हैं की डॉक्टर पिछले 10-12 साल से माल इधर से उधर करने के काम लगा हुआ था। लेकिन, नाहरगढ़ पुलिस खुलासा करने में देरी क्यों कर रही हैं। यह बात आमजन को समझ नहीं आ रही हैं..?

## जुआ, सट्टा और काला कारोबार कर रही 700 से ज्यादा वेबसाइट्स पर कार्यवाही

**भोपाल/मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस। साइबर अपराधी अब सट्टा, जुआ और वेश्यावृत्ति जैसे काले कारोबार में भी वेबसाइट और एप्लीकेशन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस पर नजर रखने के लिए भोपाल पुलिस साइबर पेट्रोलिंग भी कर रही है। पिछले 06 महीने से इंटरनेट पर कड़ी निगरानी के बाद 700 से ज्यादा वेबसाइट और एप्लीकेशन को चिन्हित किया गया है। यह विभिन्न अपराधों में लिप्त पायी गई हैं। मप्र में पुलिस ने वेबसाइट की होस्टिंग और डोमेन प्रोवाइडर को इस संबंध में पत्र लिखा है। इसके बाद कुछ संदिग्ध वेबसाइट और एप्लिकेशन बंद हुई हैं। माना जा रहा है कि सभी 700 संदिग्ध वेबसाईटो पर कार्यवाही की जा रही है।**

**ऐसे होती है साइबर पेट्रोलिंग-** साइबर क्राइम की एक टीम इंटरनेट पर लगातार वेबसाइट और एप्लीकेशन को सर्च करती है। फिर इन एप्लीकेशन की लिस्टिंग कर उन पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाता है। कई एप्लीकेशन और वेबसाइट देश के बाहर से ऑपरेट होती हैं। इन पर कार्रवाई के लिए भी पत्र लिखा जाता है। इनमें फर्जी खातों का इस्तेमाल होता है।

**इस तरह की वेबसाइट और एप्लीकेशन चिन्हित-** इजी लोन, अर्न मनी, शेयर इंवेस्टमेंट, लोन एप्लीकेशन, एस्कॉर्ट सर्विस जैसे अपराधों को बढ़ावा देने वाली एप्लिकेशन और वेबसाइट को चिन्हित किया गया। इनकी संख्या करीब 10 है। क्राइम ब्रांच अधिकारियों के अनुसार संदिग्ध वेबसाइट और एप्लीकेशन को चिन्हित करने के बाद आगे क्या और बेहतर कार्रवाई की जा सकती है, उस पर विचार चल रहा है। फिलहाल, डोमेन नेम प्रोवाइडर को इन्हें बंद करने के लिए पत्र लिखा गया है। आगे चल कर दिल्ली स्थित संबंधित विभागों को भी इनकी जानकारी दी जाएगी।

## आरएसएस की प्रतिनिधि सभा में की गई अनेक नवीन नियुक्तियां

### केतनभाई मालवा के सहप्रांत प्रचारक बनें

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कर्नाटक के बैंगलुरू में चल रही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक में देश के साथ ही विदेशो में कार्य की दृष्टि से चर्चा की गई। इसी कड़ी में मालवा प्रांत के सह प्रांत प्रचारक का दायित्व श्री केतनभाई को सौंपा गया है। मिली जानकारी के अनुसार श्री अशोक पोरवाल को केशव कुंज कार्यालय प्रमुख दिल्ली, श्री विजय दीक्षित को सह प्रांत कार्यवाह मध्यभारत प्रांत, श्री सुरेन्द्र जी सह प्रांत प्रचारक मध्यभारत, श्री कैलाश लववंशी प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख, श्री मोहित अग्रवाल को निजी सचिव मा. सरकार्यवाह जी का दायित्व दिया गया है। इसके साथ ही श्री केतनभाई को सह प्रांत प्रचारक, मालवा प्रांत एवं श्री श्रवण जी को सह प्रांत प्रचारक महाकौशल का कार्यभार सौंपा गया है।



## खनिज विभाग की लापरवाही कितनी ओर जान लेगी..?

### अवैध खनन से मूंद रखी है आंखे, मजदूरों की सुरक्षा में बड़ी चूक

#### हादसों के बाद सिर्फ निर्देशों तक सीमित कार्रवाई

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस। शनिवार को शहर से लगते ग्राम पित्याखेड़ी जागीर में एक स्लेट पेंसिल खदान से शैल पत्थर निकालने के दौरन गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। यह पहला मामला नहीं है जब खदान या अवैध खनन से किसी की जान गई हो। खदानों की सुरक्षा को लेकर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए है। स्लेट पेंसिल खदानो के आसपास न तार फेसिंग है और न ही इससे दूर रहने के लिए साईन बोर्ड का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा अवैध खनन के मामलों में कई लोग अपनी जान पहले गवां चुके हैं। आज भी अवैध खनन का काम जोरों पर चल रहा है। पित्याखेड़ी में जो हादसा हुआ है, वहां भी अवैध रूप से खनन की जा रही खदान का है।**

जिले में मिट्टी, रेत, स्लेट पेंसिल आदि खनिज पदार्थों की खदानों में चोरी छुपे अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। इसके चलते जिले में कई हादसे हो चुके हैं। मंदसौर जिले में वर्ष 2011 से अब तक कभी मिट्टी, कभी रेत की खदाने धंसने से लगभग 20 लोगों की मौत हो चुकी है। जिले में सबसे ज्यादा हादसे अवैध रूप से पीली मिट्टी, रेत और स्लेट पेन पत्थर के खनन के दौरान ही हुए हैं।



28 जनवरी 2011 को आंत्री खुर्द में में रेतम नदी किनारे रेत खनन के दौरान मल्हारगढ़ के पांच मजदूरों की मौत हो गई थी। इसके बाद जिले में सबसे बड़ा हादसा 02 दिसंबर 2015 को भावगढ़ क्षेत्र के वनपुरा और खेरोदा के बीच शिवना नदी में अवैध रेत खनन के दौरान एक ही परिवार के पांच युवक खदान धंसने दब गए थे। जिसमें से तीन की मौत हो गई थी। इसके बाद 27 मई 2016 की रात में करंडिया में हादसा हुआ। कुछ लोग पीली मिट्टी की खदान से मिट्टी निकाल रहे थे, इसी दौरान खदान धंस गई। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीन साल पहले मूंदड़ी के पास गिट्टी निकालने से बने छोटे तालाब में डूबने से चार छात्रों की मौत हो गई थी।

#### कलेक्टरों के निर्देश को घोलकर पी रहे...

हादसों के बाद हर बार कलेक्टर अवैध खनन रोकने के लिए निर्देश देते हैं। लेकिनद्ध निर्देश को एक कान से सुनकर दूसरे से जिम्मेदार निकाल देते हैं। 28 जनवरी 2011 को आंत्री खुर्द में रेतम नदी किनारे रेत खनन के दौरान खदान धंसने से पांच लोगो की मौत हो गई थी। इसके बाद तत्कालीन कलेक्टर श्री महेन्द्र ज्ञानी ने अवैध खनन रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए थे। सख्ती से निर्देशों का पालन भी हुआ। कुछ समय बाद स्थिति जस की तस हो गई और अब भी जिले में अवैध खनन चल रहा है। वर्ष 2022 में मूंदड़ी के पास हुए हादसे के बाद तत्कालीन कलेक्टर ने खदानों की सुरक्षा संबंधित निर्देश दिए। लेकिन, आज तक कारवाई नहीं की गई। यह सिर्फ दो उदाहरण है। हर हादसे के बाद निर्देशों की औपचारिकता निभाई जा रही है।

# नीमच रियल एस्टेट ग्रुप ने गाइडलाइन की दर कम करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**नीमच 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नीमच रियल एस्टेट ब्रोकर ग्रुप संगठन नीमच के तत्वाधान में नीमच क्षेत्र में जमीनों के गाइडलाइन के मूल्यांकन वृद्धि दर को कम करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि को सोपा गया। मूल्यांकन समिति अध्यक्ष जिलाधीश कार्यालय जिला नीमच , क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार जिला मूल्यांकन समिति सदस्य नीमच, जिला पंजीयक (कलेक्टर ऑफ स्टाम्प) जिला पंजीयक कार्यालय नीमच,पंजीयन महानिरिक्षक मुद्रांक निरीक्षक मुख्यालय, भोपाल के नाम पर सौंपा। हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन में बताया कि जिला मूल्यांकन समिति द्वारा कलेक्टर गाईड लाईन में बढोतरी के संबंध में हमारी आपत्ति दर्ज करने को लेकर प्रतिवर्ष जिला मूल्यांकन समिति द्वारा नीमच की गाईड लाईन में वृद्धि की जाती है, जिस कारण से कई जगह असंतुलन पैदा हो गया है, तथा विसंगतियों के कारण से शासन के राजस्व में प्रतिवर्ष कमी होती जा रही है, तथा साथ ही नीमच में अधिकांश आबादी बंगला बगीचा एरिये में है, जिला प्रशासन अथवा जिला मूल्यांकन समिति द्वारा बंगला बगीचे की गाईड लाईन में प्रतिवर्ष वृद्धि किये जाने से जनता में गहरा असंतोष है, जिला मूल्यांकन समिति द्वारा नीमच नगर की प्रस्तावित गाईड लाईन में जो बढोतरी की जाती है, उसमें कमी की जावे।जिला मूल्यांकन समिति द्वारा नीमच नगर की प्रस्तावित गाईड लाईन में जो बढोतरी की मंशा है, उसे नहीं बढाया जावें क्योकि पूर्व में दरें बढी हुई है, और बढाया जाने से असंतुलन असमानता पैदा हो जावेगा, जो कि न्याय संगत नहीं है।जिला मूल्यांकन समिति द्वारा वर्ष 25-26 के लिये प्रस्तावित गाईड लाईन यह कि, प्रस्तावित गाईड लाईन में 15 से 42 प्रतिशत वृद्धि प्रस्तावित अर्थात बढाई जाने का निर्णय लिया जाना है, वर्तमान में बंगला नं. 35. बंगला नं 36, बंगला नं. 37 में तथा वीर पार्क रोड़ पर, बंगला नं. 5 रोड से अंदर, बंगला नं. 11 से 19 रोड़ पर बंगला नं. 10 में गोमाबाई रोड़ छोड़कर नए रोड़ पर, बंगला नं. 20 से 22 बंगला नं. बंगला नं. 43 से 43 तक व बंगला नं. 40 में गोमाबाई रोड के अंदर, बंगला नं. 23 व 38 एल.आई.सी. रोड़ से अंदर, बंगला नं. 39-40, गोमाबाई रोड़ पर बंगला नं. 23 तथा बंगला नं. 38 एल.आई.सी. रोड़ से अंदर, बंगला नं. 39, बंगला नं. 40, गोमाबाई रोड़ पर, बंगला नं.. 44, 45 एवं बंगला नं0 46 सी.आर.पी.एफ. रोड़ पर सभी में अत्याधिक प्रस्तावित की गई है, एवं बंगलों के अन्दर की गाईड लाईन अलग से नहीं दर्शाई गई है। इस विसंगति असमानता को दूर किया जाना चाहियें। वर्तमान में गाईड लाईन में 2023-24 में बंगला नम्बर 24 एवं बंगला नं. 07 की मेन रोड़ से अन्दर की गाईड लाईन नहीं है, जब की वर्ष 2021-2022 में बंगला नं.7,8,23,24,25,37,38,39 व अन्य वीर पार्क रोड़ पर 100 फीट बाद 12600- रूपये प्रति वर्गमीटर थी, और अजमीढ जी चौराहा से एल.आई.सी. चौराहा पर बंगला नम्बर 37,38,23,24,7,8 एवं योजना क्रमांक 17 शिक्षक नगर (डॉ. राधाकृष्णन नगर) है, और वर्तमान में वार्ड नम्बर 34 में बंगला नं.23.38 एल.आई.सी. रोड़ पर 54, हजार रूपये प्रति वर्ग मीटर है, एवं बंगला नं. 23 रोड़ से अन्दर 33,300- प्रति वर्ग मीटर है, एवं बंगला नं. 38 व 39 रोड़ से अन्दर 33,300- रूपये प्रति वर्गमीटर है, एवं वनमान गाईड लाईन में बंगला नम्बर 8 एल.आई.सी. रोड़ पर 34, हजार रूपये प्रति वर्गमीटर है, एवं बंगला नं. 8 व 9 रोड़ से अन्दर 20,हजार रूपये प्रति वर्गमीटर है, और वर्तमान में बंगला नं0 24,07 की गाईड लाईन 90,700 रूपये प्रति वर्गमीटर है, उक्त दोनो बंगलो की एल.आई.सी. रोड़ से अन्दर की कोई गाईड लाईन नही है, जब कि बंगला नं. 24 व 07 के सामने बंगला नं. 23 व 08 है, बंगला नं. 24 से लगा बंगला नं. 25 है, जिसका वर्तमान गाईड लाईन में बंगला नं. 25 व 26 रोड़ से अन्दर 25,दोसो रूपये प्रति वर्गमीटर है, एवं बंगला नं. 7, योजना क्रमांक 17 से लगा है, जिसका वार्ड नं. 27 है, और योजना क्रमांक 17 का एल.आई.सी. रोड़ से अन्दर की वर्तमान गाईड लाईन 31,600- रूपये प्रति वर्गमीटर है, जिसका और बंगला 23 व 8 एवं बंगला नं. 25 एवं योजना क्रमांक 17 की रोड़ से अन्दर की वर्तमान में गाईड लाईन है, और बंगला नं 37 एवं 38 एवं बंगला नं. 24 व 23 व बंगला नं. 08 व 07 एवं योजना क्र. 17, एवं बंगला नं. 24,07 की रोड़ से अन्दर की गाईड लाईन की असमानता दूर किया जावें इसमें हमारी आपत्ति है, रहवासीये की और से भी अलग से साश्य/आवेदन पेश किये जा रहे है।हमारा इस संबंध में विरोध है कि, पहले से ही नीमच क्षेत्र की गाईड लाईन अधिक है, तथा गत दो तीन सालो से बाजार गिरा हुआ है, अर्थात बाजार की माली-हालात आर्थिक अर्थव्यवस्था ठीक नहीं है, कुल मिलाकर प्रापर्टी बाजार- शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र गिरा हुआ है, तथा बाजार में कोई चहल-पहल नहीं तथा निकट भविष्य देश-विदेश की हालत जैसे आर्थिक अर्थव्यवस्था जैसे शैयर बाजार-मण्डी, व्यापार गिरना इस सभी का प्रभाव लोकल अर्थव्यवस्था (लोकल बाजार) पर पडता है, ऐसी परिस्थिति स्थिति को देखते हुए प्रस्तावित गाईड-लाईन को स्थागित किया जावे, अर्थात लागू नहीं किया जावें, क्योंकि बुरा प्रभाव छोटे व मध्यम वर्ग के लोगो को भुगतना पडेगा क्योकि अत्याधिक दरो के कारण उनका मकान 'आशियाना' का सपना पूरा नही हो पायेगा।गाईड लाईन जहाँ वास्तव में कम है व नीति संगत व आम जनता का नुकसान नहीं हो रहा है वहाँ नॉमीनल दर बढाई जावें, अन्यथा समिति विभाग द्वारा एक-दो दस्तावेज को आधार मानकर गाईड लाईन में वृद्धि करना असंगत है संगठन द्वारा मांग की जाती है 5 से 10 प्रतिशत गाईड लाईन बढाई जानी चाहिए, संगठन 35 से 42 प्रतिशत प्रस्तावित गाईड लाईन की बढोतरी का विरोध करता है, बढी हुई गाईड लाईन का खामियाजा बंगला बगीचा क्षेत्र के निवासीयों को भुगतना पडेगा क्योकि व्यवस्थापन में और कठिनाई व अत्याधिक भार बढ जावेगा। बंगला नं. 58 के मुख्य मार्ग एवं अंदर के गाईड लाईन कीमत पृथक-पृथक है, और बंगला नम्बर 58 एवं 59 में भौगोलिक विकसित क्षेत्र में काफी असमानता होकर बंगला नं. 59 काफी अविकसित है, इसलिये भी बंगला नं. 59 अंदर की और गाईन लाईन मे से संशोधन किया जाना आवश्यक है।

गाईड लाईन से हट कर बडी समस्या उप पंजीयक कार्यालय नीमच में कोरोना सक्रमण के पश्चात से ही बाहर की और दो छोटी विंडो से रजिस्ट्रार कार्यालय का संचालन हो रहा है, जब कि कोरोना कभी का समाप्त हो चुका है, हमारी मांग है कि गर्मी, बरसात व मौसम को देखते हुवे पक्षकारों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जावें, इसके अभाव में सर्विस प्रोवाईडर व पक्षकारगण एवं प्रापर्टी व्यवसाय से जुडे ब्रोकर्स एवं मध्यस्थ भी परेशान होते है हमारा विनम्र आग्रह है कि, रजिस्ट्री पंजीयन जैसा कार्य सडक पर खुले आम हो रहा है जहा पक्षकारगण क्रेता, विक्रेतागण, अमानत, जोखिम लेकर खडे रहते है एवं साथ ही सुव्यवस्थित पार्किंग क्षेत्र भी निश्चित किया जावें अत्यधिक गर्मी लू को देखते हुए पर्याप्त छाया, शीतल जल की व्यवस्था की जावें जिले के अन्य तहसील स्तर के कार्यालयों में भी छायादार बैठने की व्यवस्था है, नीमच में भी इन चीजों का ध्यान रखा जाए जिसे पक्षकारों परेशान नहीं होना पडे। पूर्व में एक पत्र इस संबंध में गुप्त द्वारा दिया गया, उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, इस संबंध में हमारा विनम्र आग्रह है कि, पंजीयन विभाग जो कि, लाखो, करोडो का राजस्व देता है वहीं पर आवश्यक सुविधाएँ नहीं है, क्योंकि पंजीयन का सारा कार्य पक्षकारों को सडक पर करना पड रहा है। अन्य विसंगतियों व असमानता को भी दूर किया जावें। अतएव हमारी और से समिति के समक्ष आपत्ति पेश है। गाईड लाईन की पूर्ण समीक्षा एवं दावें आपतियों की पूर्ण समीक्षा एवं दावें आपत्तियों व सुझावों को मद्दे नजर रखते हुए एवं संशोधन के उपरांत ही नई गाईड लाईन लागु की जायाइस अवसर प्रवक्ता राजेश जैन, सचिव एवं नीमच रियल स्टैट कोषाध्यक्ष जिनेन्द्र मेहता आदि पदाधिकारीगण एवं अतुल जैन संगठन मंत्री राजेन्द्र जारोली नीमच नगर के निवासीगण उपस्थित थे।



# किटयानी क्षेत्र में नपा द्वारा 40 लाख रू. के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन सम्पन्न

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा कल रविवार को वार्ड नं. 1 किटयानी क्षेत्र में लगभग 40 लाख रू. के पांच निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन 40 लाख रू. की राशि में से लगभग 12 लाख रू. की राशि राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने क्षेत्रीय पार्षद व नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला की मांग पर पूर्व में अवैध कॉलोनी के रूप में शामिल क्षेत्र के विकास के लिये दी है। नाहर सैय्यद कॉलोनी गली नं. 1 व डायमण्ड किराना के पास वाली रोड़ पर सीसी कार्य के लिये यह राशि व्यय होगी। यह क्षेत्र अब नपा के द्वारा म.प्र. शासन से मंजूरी मिलने के बाद वैध कॉलोनी में शामिल हो गया है। कल किटयानी क्षेत्र में राज्यसभा सांसद निधि सहित कुल 40 लाख 16 हजार रू. राशि से होने वाले पांच निर्माण कार्यों का भव्य कार्यक्रम में भूमिपूजन किया गया। राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया, भाजपा मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता के आतिथ्य में आयोजित इन भूमिपूजन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय पार्षद नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्री प्रीतेश चावला, महिला नेत्री श्रीमती रमा माथुर, नपा सभापति निलेश जैन, सत्यनारायण भांभी, पार्षदगण श्रीमती प्रमिला संजय गोयल, सुनीता भावसार, आशीष गौड़, शेहजाद पटेल, माया भावसार, दीपक गाजवा, कमलेश सिसौदिया, सुनीता भावसार, गरिमा भाटी, गोवर्धन कुमावत, नरेन्द्र बंधवार, बब्बू पमनानी, भाजपा नेता महेश जुनवाल भी मंचासीन थे। भूमिपूजन कार्यक्रमों में राज्यसभा सांसद निधि से नाहर सैय्यद कॉलोनी गली नं. 1, डायमण्ड किराना वाली गली में होने वाले सीसी रोड़ व नाली निर्माण के साथ ही नपा की निधि से मंगलम विहार कॉलोनी में बगीचे की बाउण्ड्रीवाल को उंची करने के कार्य, यतिन्द्र विहार में सीसी कार्य, किटयानी में पानी की टंकी के पास सीसी रोड कार्य, सेल टेक्स कॉलोनी में सीसी कार्य का भी भूमिपूजन अतिथिगणों के साथ ही किटयानी क्षेत्र के नागरिकगण सर्वश्री जितेश पण्ड्या, नाहरू मंसूरी, भूरेखां मेव, इमरान खा मेव, बबलु कुरेशी, अनुज भार्गव, जगदीश शर्मा, रफीक शाह, अरविन्द नवले, अफजल शाह, संजय जैन किराना, रज्जाक नियालगर, रफीक शाह, संजय नीमा, युनुस मेव की उपस्थिति में किया गया।

राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने कहा कि नगरपालिका परिषद व भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने विकास के कामों में कभी भी वर्ग विशेष के साथ भेदभाव नहीं किया। विकास के कामों का लाभ अल्पसंख्यक वर्ग को भी मिल रहा है। विकास के एजेंडे को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधि काम कर रहे है। अल्पसंख्यक वर्ग को भ भाजपा से जुड़कर विकास के कार्यों में भागीदार बनना चाहिये। इस मौके पर श्री गुर्जर ने नपा के विकास कार्यों का भी जिक्र किया। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित ने कहा कि भाजपा की मोदी व प्रदेश की मोहन यादव सरकार विकास के लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, लाड़ली बहना योजना सहित प्रदेश व केन्द्र की सभी योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को मिला है। पूर्व मंत्री श्री चावला ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग के मोहल्लों में भले ही भाजपा को कम वोट मिलते हो लेकिन उन्होंने विकास के मामले में कभी भी भेदभाव नहीं किया। नगर के अल्पसंख्यक मोहल्लों में बिना भेदभाव के भाजपा ने काम किया है। पूर्व विधायक श्री सिसौदिया ने कहा कि भाजपा व विकास एक दूसरे के पर्याय है। 15 वर्षों में विधायक निधि स्वीकृत करते समय मैंने कभी भी भेदभाव नहीं किया। सभी वार्डों में मोहल्लों के समान रूप से राशि दी। कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सारस्वत व रेडक्रास के पूर्व चेयरमेन श्री प्रीतेश चावला ने भी अपने विचार रखे। स्वागत उद्बोधन नपा उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती नम्रता चावला ने दिया। कार्यक्रम में नाहर सैयद कॉलोनी रोड़ नं. 1 के निवासियों ने सभी अतिथिगणों का साफा बांधकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत सम्मान किया। संचालन जितेश पण्ड्या ने किया।

# बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु योग शिविर 27 से 30 मार्च तक

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर योग शिक्षा संस्थान एवं रोटरी क्लब मंदसौर के संयुक्त तत्वावधान में बचों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु चार दिवसीय योग शिविर का आयोजन दिनांक 27 से 30 मार्च तक प्रात: 8 से 9 बजे तक नूतन स्टेडियम स्थित योग भवन में किया जा रहा है। इस शिविर में बच्चों का दंत एवं स्वास्थ्य चेकअप भी किया जाएगा तथा उन्हें उपहार भी भेंट किये जायेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए रोटरी क्लब अध्यक्ष योग गुरू सुरेन्द्र जैन, सचिव रितेश भगत एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. के.एल. राठौर ने बताया कि योग से बच्चों के शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक विकास होने में मदद मिलती है. उनके व्यक्तित्व में भी सुधार होता है, जिससे बच्चे पॉजिटिव और खुशी जीवन व्यतीत कर सकते है। योग से बच्चे के अंदर आत्मविश्वास व एकाग्रता में भी अभिवृद्धि होती है। कम्प्यूटर एवं मोबाइल के इस युग में बच्चों के दैनिक जीवन में योग अति आवश्यक है। इसी को ध्यान रखते हुए योग गुरु सुरेन्द्र जैन द्वारा बच्चों को योगाभ्यास कराने के साथ ही उसके फायदे बताये जायेंगे। इस शिविर 8 से 18 वर्ष के बालक/बालिका सम्मिलित हो सकेंगे। शिविर में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन आवश्यक होगा। रजिस्ट्रेशन अंतिम दिनांक 26 मार्च रखी गई है। शिविर में भाग लेने के इच्छुक अपना रजिस्ट्रेशन तपस्या फैशन, संजय उद्यान के पास, नईआबादी, मंदसौर या सोमानी स्टेशनरी गांधी चौराहा, मंदसौर एवं संगतानी गारमेंटस, बालाजी मंदिर के पास, नेहरू बस स्टैंड, मंदसौर पर सम्पर्क कर 50 रू. रजिस्ट्रेशन शुल्क सहित अपना पंजीयन करवा सकते है। या अधिक जानकारी के लिये मो.नं. 9424807422, 9827722856, 9425938330 पर सम्पर्क कर सकते है। योग संस्था के दिनेश जैन सीए, लोकेन्द्र जैन, ओमप्रकाश गर्ग, जिनेन्द्र उकावत, जितेश फरक्या, प्रेमेन्द्र चौरड़िया, विजय पलोड़, प्रीति जैन, बीना गर्ग, शकुंतला भट्ट, ललित जैन, विजयलक्ष्मी रघुवंशी, धर्मदास संगतानी आदि ने बच्चों से इस शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## नीमच सिटी में 27 को निकलेगी रंग तेरस की परंपरागत गैर

**नीमच, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** उपनगर नीमच सिटी में वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए 27 मार्च गुरुवार को रंग तेरस के अवसर पर भेरू जी की प्रतिमा को नगर भ्रमण कराते हुवे रंग तेरस की गैर माहेश्वरी मोहल्ले से प्रारंभ होगी जो उपनगर नीमच सिटी के प्रमुख मार्गो से होती हुई पुन: माहेश्वरी मोहल्ले में समाप्त होगी। ज्ञात हो की रंग तेरस के अवसर पर प्रति वर्ष अनुसार जमीन में गड़ी हुई भेरू जी की प्रतिमा जमीन से निकाल कर उन्हें बकरे की खाल में भरे पानी से स्नान करवा कर पूजा अर्चना कर गेर के रूप में जोशी मोहल्ला स्थित खेड़ापति बालाजी ले जाया जाएगा। जहां पूजा अर्चना कर दाल बाटी का भोग लगाकर ढोल धमाके और बाजों के साथ चौधरी मोहल्ला होते हुए माहेश्वरी मोहल्ला लाया जायेगा। वहां रंग गुलाल से होली खेली जाएगी। यह परंपरा वर्षो पुरानी है जिसका निर्वहन आज की युवा पीढ़ी भी करती आ रही है।



## औदुम्बर ब्राह्मण महासभा ने मनाया फाग महोत्सव

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्री औदुम्बर ब्राह्मण महासभा मंदसौर द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में स्थित द्वारकाधीश मंदिर प्रांगण में होली मिलन व फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर एवं आसपास लगे ग्रामीण क्षेत्र से बडी संख्या में समाज के महिला पुरुष पहुंचे। फाग महोत्सव के पहले समाज की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में कोश अध्यक्ष चंद्र शेखर शर्मा ने आय व्यय का लेखा प्रस्तुत किया। इसके बाद महासभा अध्यक्ष एवम् कार्य समिति के सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में प्रति परिवार से सहयोग राशि प्राप्त करने और समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही समाज कि धर्मशाला हेतु ज़मीन साशन स्तर से प्राप्त करने की रूपरेखा भी बनाई गई। इस मौके पर महासभा अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे के साथ समाज जनों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर महोत्सव की शुरुआत की। आभार अशोक जोशी महसभा सचिव ने व्यक्त किया। संचालन अखिलेश दिवदी ने किया।

## एआईओसीडी ने स्वास्थ्य मंत्रालय से 12.40 लाख केमिस्ट और ड्रगिस्ट के संगठन को डीटीएबी समिति में शामिल करने की मांग की

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी ) ने 12-03-2025 एसओ 1159(ई) के तहत ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड (डीटीएबी ) के पुनर्गठन पर गहरी निराशा व्यक्त की है, जिसमें कि एआईओसीडी संगठन को प्रतिनिधित्व से बाहर रखा गया है।

एआईओसीडी के अध्यक्ष जे एस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि, पूरे भारत में 12.40 लाख केमिस्ट और ड्रगिस्ट का प्रतिनिधित्व करता है, देश में दवाओं के सुचारू वितरण और पहुंच को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संगठन ने लगातार महत्वपूर्ण दवा व्यापार से संबंधित मुद्दों पर सरकार को इस संबंध में मूल्यवान सुझाव और, सिफारिशें और नीतिगत सुझाव भी दिए हैं क्योंकि यह देश के दवा विक्रेताओं (हितधारकों) का एकमात्र संगठन है। मंदसौर जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष चौधरी व सचिव पंकज सुराणा ने बताया कि देश की दवा आपूर्ति श्रृंखला में एक प्रमुख हितधारक होने के बावजूद, एआईओसीडी का डीटीएबी की समिति से बाहर होना एक गंभीर चिंता का विषय है। हमारे प्रतिनिधित्व की कमी का मतलब है कि खुदरा और थोक फार्मासिस्टों की जो कि अंतिम छोर तक दवा वितरण की रीढ़ हैं, को नीति निर्माण समिति में न रखकर बाहर रखा जा रहा है। एआईओसीडी ने स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने और डीटीएबी में एआईओसीडी उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का आग्रह किया। पारदर्शिता बनाए रखने, लाखों केमिस्टों के हितों की रक्षा करने और भारत के फार्मास्युटिकल वितरण नेटवर्क को मजबूत करने के लिए यह संगठन का समावेश आवश्यक है। एआईओसीडी संगठन को उम्मीद है कि सरकार जल्द से जल्द इस चिंता का समाधान करेगी, यह सुनिश्चित करते हुए किइस क्षेत्र को नियंत्रित करने वाली नीतियां व्यापक हितधारकों की पूर्ण भागीदारी के साथ बनाई जाए।



## सविमं में आचार्य चयन परीक्षा सम्पन्न

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर मंदसौर में नवीन आचर्य नियुक्ति हेतु आचार्य चयन परीक्षा संपन्न हुई जिसमें केशव नगर व अभिनन्दन नगर विद्यालय में नवीन आचार्य पद हेतु चयन परीक्षा में 67 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। विद्यालय संचालन समिति प्रो राजेंद्रसिंह शिक्षण समिति के सचिव महोदय श्री मिलिन जी व्यास समिति के सम्मानीय सदस्य एवं डाइट प्राचार्य श्री प्रमोद जी सेठिया विद्यालय प्राचार्य श्री संतोष जी यादव केशव नगर प्रधानाचार्य श्री राजपालसिंह जी सिसौदिया, अभिनन्दन नगर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुकेश जी पाठक द्वारा अवलोकन किया गया।

## शेष रहे रेस्टोरेशन कार्य को टीमे बढ़ाकर तेजी से पूर्ण करवाएं-गुप्ता



**नीमच, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** संभागायुक्त उज्ञैनन संभाग उज्ञैरन श्री संजय गुप्ता ने रविवार को जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में जल निगम के निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जलनिगम के महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि आबादी क्षेत्रों में किये गये रेस्टोरेशन के कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करवाएं। साथ ही समयसीमा में जलनिगम के कार्यों की गति बढ़ाएं। संभागायुक्त ने रेस्ट्रोरेशन कार्य के लिए जल निगम को टीमे बढ़ाकर शेष कार्य पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

जल निगम प्रबंधक ने बताया, कि नीमच जिले में 260 कि.मी.रेस्ट्रोरेशन का कार्य शेष है, जिसे पूर्ण करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। गांधी सागर समूह जल प्रदाय 2 योजना से नीमच जिले के 646 गांव लाभांवित होंगे। जिन्हें नल जल पाईपलाईन के माध्यम से शुद्ध जल प्रदाय किया जावेगा। जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्ण व ने संभागायुक्त को जिले में किये जा रहे नवाचारों, जलसंरक्षण आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्ण व, एडीएम श्रीमती लक्ष्मीक गामड़, संयुक्तच आयुक्त विकास उज्ञैन सुश्री कीर्ति मिश्रा, उपायुक्त (राजस्व) उज्ञैन संभाग श्री रणजीत कुमार, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, अतिरिक्त जि.प.सीईओ श्री अरविंद डामोर, महा प्रबंधक जल निगम श्री जितेन्द्रव सिह राणावत सहित जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# आईके-3 के बच्चों का ग्रेजुएशन समारोह संपन्न

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** 22 मार्च 2025 को एडिफाई स्कूल परिसर में शिशुवन स्कूल के नन्हे छात्रों के लिए ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर आईके-3 के सभी 5 सेक्शनों के छात्रों ने अपनी गाउन और कैप पहनकर गर्व से मंच पर कदम रखा और अपने शैक्षणिक सफर के इस महत्वपूर्ण पड़ाव को पार करते हुए जीवन के नए आयाम स्थापित करने के लिए एक कदम और आगे बढ़ाया।




समारोह की शुरूआत में शिशुवन स्कूल की हेड मैम मिस. सीबी ने सभी का स्वागत किया और इस खास दिन की शुभकामनाएँ प्रेषित की। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजकुमार त्रिपाठी (वरिष्ठ सिविल जज), सुश्री रोहिणी तिवारी (वरिष्ठ सिविल जज), डॉ. आकांक्षा त्यागी और डॉ. शम्मी चतुवेदी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन से बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। वरिष्ठ सिविल जज श्रीमान राजकुमार त्रिपाठी जी ने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ही बच्चों के सुनहरे भविष्य का आधार है। इस अवसर पर बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। उनकी शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का दिल जीत लिया। समारोह के अंत में छात्रों को ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। उनके चेहरे पर गर्व और खुशी की झलक ने दर्शकों एवं अभिभावकों को अभिभूत कर दिया। अभिभावकों की ओर से श्री सिद्धार्थ गौड़ और सुश्री पूर्णिमा अग्रवाल ने भी स्कूल को बधाई दी और कहा कि शिक्षकों की मेहनत ही बच्चों की प्रगति का असली आधार है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.आदित्य कुमार ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम पूर्ण रूप से अश्वस्त करने का प्रयास करते हैं कि हम अपने छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षा और सुविधाएँ प्रदान करेंगे, जैसा कि एडिफाई स्कूल हमेशा करता आया है। स्कूल प्रशासन और शिक्षकों ने अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों के लिए भी एक यादगार और अविस्मरणीय भावनात्मक क्षण रहा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवार 31 तक जुड़वा सकते हैं नाम

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्टपोर्टल (https://pmayg.nic.in/infoapp.html) पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्तजिले/जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।



## अमर बलिदानी हेमू कालाणी की जन्म जयंती मनाई

### भगत सिंह जी, राजगुरु जी, सुखदेव जी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** हेमू कालाणी युवा समिति, भारतीय सिंधु सभा मुख्य शाखा, भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा मंदसौर द्वारा सिंधी समाज ही नहीं अपितु भारत के गौरव अमर बलिदानी हेमू कालाणी जी के 102 में जन्म जयंती पर्व के अवसर पर स्थानीय हेमू कॉलोनी चौराहा पर हेमू कॉलोनी जी की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान का स्मरण कर एवं राष्ट्रगान कर व आज ही के दिन भारत देश के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर बलिदानीयो भगत सिंह जी, राजगुरु जी, सुखदेव जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर आज के इस पावन दिन को मनाया।

इस अवसर पर हेमू कालाणी युवा समिति अध्यक्ष राजेश ज्ञानानी, भारतीय सिंधु सभा मुख्य शाखा अध्यक्ष नरेश चंदवानी, भारतीय सिंधु सभा युवा शाखा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कोठारी, पूज्य सिंधी जनरल पंचायत अध्यक्ष वासुदेव सेवानी, महासचिव राजेश चाहूजा, पूज्य सिंधी भाई बंद पंचायत पूर्व अध्यक्ष व डेस न्यूज़ संचालक नंदू भैया आडवाणी, युवा शाखा संरक्षक दुर्गेश बेलानी युवा शाखा महासचिव चंद्र प्रकाश आडवाणी उपाध्यक्ष ललित हरवानी, सचिव जीतू हरवानी, विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री हेमंत बूलचंदानी, दशपुर जागृति मंच अध्यक्ष देवेंद्र पुराणिक, सत्येंद्र सोम जी, राजाराम जी तंवर, अजीजुल्ला खान, नंदकिशोर राठौड़, योग गुरु बंसीलाल टाक, त्रिलोक रूपलानी महेश ज्ञानानी, हरीश जी कल्याणी, हेमंत पमनानी, शेरू भाई मोटवानी, रोहित सबनानी, जय भाई सेवानी, गिरीश जी भक्तानी, महेश जी देवनानी, आत्माराम कोठारी, भजन गायक योगेश जी गोविंदानी, आदि बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# सनातन वैदिक संस्कृति के शंखनाद का सशक्त माध्यम है महा सोमयज्ञ-व्रजोत्सव जी

## यज्ञ स्थल का भूमि पूजन हुआ



**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस। महा सोमयज्ञ सभी यज्ञों में सर्वोच्च सर्वोत्कर्ष और सर्वोत्तम होता है।इस महायज्ञ का उद्देश्य सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय है क्योंकि हमारी मूल संस्कृति ही सर्वे भवंतु सुखिन: की है। हम सब पुण्यशाली हैं कि सोम यज्ञ के आयोजन करने इसमें सम्मिलित होने और संपन्न करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।**

यह उद्गार सोमयज्ञ सम्राट आचार्य वैष्णवाचार्य गोस्वामी डॉ. व्रजोत्सव जी महाराज ने व्यक्त किए।आप नगर के मध्य श्री वल्लभाचार्य नगर कालाखेत प्रांगण में आगामी 13 से 18 अप्रैल तक होने जा रहे यज्ञस्थल के भूमि पूजन समारोह में उपस्थित श्रद्धालु जनों को संबोधित कर रहे थे।आपने कहा कि यह यज्ञनारायण की ही कृपा है कि मंदसौर नगर में यज्ञ का आयोजन हो रहा है, हम सभी धर्म की मंगल ध्वजा को धारण कर सनातन वैदिक संस्कृति का शंखनाद करें और इसका सबसे सशक्त माध्यम सोमयज्ञ है। राजसूय और अश्व मेघ यज्ञ से भी अनंत गुना फल प्रदान करने वाला होता है सोम यज्ञ। आपने कहा कि संसार में मनुष्य जीवन में अनेक कामनाएं होती हैं बहुत सी इच्छाएं मनुष्य की होती हैं जिन्हें पूर्ण करना चाहता है और सोम यज्ञ ही वह माध्यम है जो सभी कामनाओं को पूरा करता है। कष्टें को दूर करता है। आपने बताया कि इस सृष्टि में 28 बार प्रलय हुआ है और इतनी ही बार सृष्टिका फिर से उदय हुआ है तो सृष्टि का उदय और संचालन सोमयज्ञ से ही होता है। सोमयज्ञ में समस्त ऋषि गण और देवताओ का आव्हान किया जाता हैं। यज्ञ शाला के दर्शन मात्र से जीवन का कल्याण होता है।क्योंकि सभी देवताओं और ऋषियों का आगमन यज्ञ में होता है वे पूरी यज्ञ अवधि में वहीं विराजमान रहते हैं।ऐसा दुर्लभ अवसर बहुत सौभाग्य से ही प्राप्त होता है आपने बताया कि सोम यज्ञ में एक अद्भुत शक्ति है वह ऊर्जा तत्व है सोम यज्ञ से ही जीवन में आनंद उत्साह का सृजन होता है।

पूज्य महाराज श्री के सानिध्य में पं.भूपेंद्र शर्मा और पं. नवीन शर्मा ने पूजन विधि संपन्न कराई। शांति पाठ किया गया। इस अवसर पर सोमयज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा ,किन्नर गुरु अनीता दीदी, समिति के सर्व श्री गौरव अग्रवाल, विजय सुराणा, विक्रम भटनागर, जीतू पारिख उमेश पारीख, ब्रजेश जोशी, हेमंत भाई शाह, विनय पारिख, कृष्ण कुमार बाहेती, नवनीत पारिख हिम्मत लोढ़ा, डॉ.घनश्याम बटवाल,डॉ. देवेंद्र पुराणिक राजेंद्र चाष्टा, प्रद्युमन शर्मा श्याम भाई पारेख महेश पारिख, आनंद तंवर, बंटी चौहान, निरान्त बग्गा,नरेश चंदवानी, नरेंद्र त्रिवेदी राजेश पारिख ,डॉ रविंद्र पांडे ,पं,. अरुण शर्मा, करण परिहार, प्रकाश सिसोदिया,विनोद मेहता,अशोक पारिख, संजय गोठी, दिनेश पारिख बावडी वाला, दाऊभाई विजयवर्गीय, राज कुमार पारिख,रमेश काबरा, राजीव शर्मा, शंभू सेन राठौर, सुरेश भावसार दीपक गाजवा, विजय गेहलोत ब्रजेश मारोठिया, निर्मला गुप्ता रानू भावसार सुनीता भावसार निर्मला गुप्ता संगीता पारिख, सुनीता बाहेती ,संध्या शर्मा ,विद्या उपाध्याय ,आशा अग्रवाल, मालती गहलोत सहित अनेक श्रद्धालुजन उपस्थित थे जिन्होंने महाराज श्री का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालन ब्रजेश जोशी ने किया आभार गौरव अग्रवाल माना। यह जानकारी जीतू पारिख ने दी है।

## राहुल सोनी महासचिव पद पर नियुक्त



**पिपलियामंडी, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, आईटी सेल विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चंचलेश व्यास ने मध्यप्रदेश कांग्रेस आईटी सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महासचिव पदों की नियुक्तियां की गई, जिसमें मंदसौर जिले के नारायणगढ़ निवासी राहुल पिता राकेश सोनी (पूर्व पार्षद) की प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्ति की है।



# सभी गौशालाओं में सोलर पैनल लगवाकर, ग्रीन गौशालाएं बनाएं-गुप्ता

## संभागायुक्त ने जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

**नीमच, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** संभागायुक्त उज्जैन श्री संजय गुप्ता ने रविवार को नीमच में जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओ की बिंदुवार समीक्षा की। संभागायुक्त श्री गुप्ता ने जिले में सभी गौशालाओं को सौर ऊर्जा से रोशन करवाने के लिए सौलर पैनल लगवाने और अपूर्ण गौशालाओं को समय-सीमा में पूर्ण कर हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौवंश को दान-दाताओं को देकर नस्ल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही गौशालाओं में दुधारू पशुओं को रखने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

बैठक में संभागायुक्त श्री गुप्ता ने निर्देश दिए, कि पुराने सभी शेष रहे अपूर्ण कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं। नदी पुर्नजीवन कार्यक्रम के तहत नदियों के ऊपर उपयुक्त स्थानों पर श्रृंखलाबद्ध स्टापडेम एवं चेक डेम का निर्माण करवाए। इसके लिए जल संसाधन विभाग के साथ मिलकर, कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होने अमृत सरोवरों को मत्स्य पालन के लिए पट्टे पर देने के निर्देश भी दिए। जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने अवगत कराया कि जिले में 51 में से 46 गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, इनमें से 27 गौशालाओं में गौवंश, पशुधन रखकर देखभाल की जा रही है। इन गौशालाओं में 2130 पशुधन की देखभाल की जा रही है। संभागायुक्त ने शेष 5 प्रगतिरत गौशालाओं का निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करवाने और सभी गौशालाओं में सौलर पैनल लगवाकर, सौर ऊर्जा से गौशाओं को रोशन करवाने के निर्देश देते हुए कहा, कि गौशालाओं को ग्रीन गौशालाएं बनाए। उन्होने जिले की गौशालाओं में दुधारू पशुओं को भी रखने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। आजीविका मिशन की समीक्षा में बताया गया, कि जिले में 42 दिव्यांग स्व सहायता समूह गठित किए गए है। इनसे 224 परिवारों को जोड़ा गया है। जिले में कुल 2928 स्व सहायता समूह गठित किए गए है। संभागायुक्त ने ओला एवं उबर की तर्ज पर ड्रोन के उपयोग को बढ़ावा देने तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक बढ़ाने के निर्देश भी दिए। संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा में शेष आवास निर्माण कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण करवाने के निर्देश भी दिए। जिला पंचायत सीईओ ने अवगत कराया कि आवास प्लस सर्वे के तहत 26600 हितग्राहियों ने अपना नवीन पंजीयन करवाया है। इन हितग्राहियों का सत्यापन कर, इनको आवास सूची में शामिल किया जावेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, संयुक्त आयुक्त विकास उज्ञैजन सुश्री कीर्ति मिश्रा, उपायुक्त (राजस्व) उज्जैन संभाग श्री रणजीत कुमार, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, अतिरिक्त जि.प.सीईओ श्री अरविंद डामोर, महा प्रबंधक जल निगम श्री जितेन्द्र सिह राणावत सहित जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय युवा संसद में मंदसौर जिले के एनएसएस स्वयंसेवकों ने लहराया परचम

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने बताया कि श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय नीमच में विकसित भारत युवा संसद के तहत एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा हुई। इसमें मंदसौर व नीमच जिले से आए 84 प्रतिभागियों ने वाकपटुता, तर्कशक्ति और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। जिसमें मंदसौर जिले की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 47 स्वयंसेवकों ने जिला संगठक डॉ. के. आर. सूर्यवंशी, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में युवा संसद में सफल भागीदारी की एवं स्वयंसेवकों ने एक देश एक चुनाव विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।

एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया की देश की युवा पीढ़ी को संसदीय ज्ञान एवं प्रक्रिया से जोड़ने एवं युवाओं में नेतृत्व कौशल क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में निर्णायकों ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। उन्होंने दोनों जिलों से आए युवाओं में से सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाले 10 प्रतिभागियों का चयन किया जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। चयनित युवाओं में मंदसौर जिले से पांच विद्यार्थियों का चयन किया गया जिसमें पी.एम. कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर से सतपाल सिंह एवं अभिषेक सोलंकी, शासकीय महाविद्यालय सीतामऊसे जाह्नवी शर्मा, शासकीय महाविद्यालय सुवासरा से भूपेंद्र सिंह सिसोदिया एवं कपिल शर्मा विजेता रहे। इन्होंने 'एक देश-एक चुनाव' विषय पर बहुत सार्थक विचारों को जोश एवं ऊर्जा के साथ प्रस्तुत किया। प्रतिस्पर्धा में छात्रों ने सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक विषयों पर प्रभावी विचार रखे। यह विद्यार्थी अब भोपाल विधानसभा में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्वयंसेवकों की इस उपलब्धि पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता, जिला संगठक डॉ. के.आर. सूर्यवंशी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य, डॉ. ललिता लोधा तथा खेल अधिकारी श्री राजू कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए राज्य स्तर युवा संसद के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

# पोषण भी-पढ़ाई भी अभियान अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आज से

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री पीसी चौहान द्वारा बताया गया कि, आंगनबाडी केंद्रों में क्रियान्वित होने वाले पोषण भी पढाई भी अभियान के लिए जिले की सभी 1735 आंगनबाडी केन्द्रों की आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की निगरानी एवं मूल्यांकन कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दो सत्र 24 मार्च से 29 मार्च तक सभी 9 बाल विकास परियोजना मुख्यालय में आयोजित किया जा रहे हैं। इनका प्रशिक्षण रॉकेट लर्निग संस्था के सहयोग से किया जा रहा है। भारत सरकार के पोषण भी पढाई भी अभियान में आंगनवाडियों में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए नवचेतना, अनौपचारिक शिक्षा एवं दिव्यांगता चिन्हांकन से जुडा हुआ कार्यक्रम है। इससे बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जाएगा। नवचेतना के तहत जन्म से 3 वर्ष के बच्चों को सीखने, समझने एवं बाल मस्तिष्क विकास की संपूर्णता के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ता को प्रशिक्षित किया जाएगा। अनौपचारिक शिक्षा में 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल-खेल में सहज, सरल तरीके से शालापूर्व तैयारी को सुद्रण करने के लिए प्रशिक्षण होगा। आधारशिला के तहत जन्म से 6 वर्ष के बच्चों में दिव्यांगता के आरंभिक चिन्हांकन के लिए भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया जाएगा। प्रशिक्षण संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण मापदंडों के अनुरूप दो सत्रों मे आयोजित किया जा रहे हैं। प्रथम सत्र 24 से 26 मार्च तक एवं द्वितीय सत्र 27 से 29 मार्च तक होंगे।

## डॉ. महेश बोराना को दी अंतिम बिदाई



**पिपलियामंडी, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कोरोना योद्धा राजेश बोराना, पंकज बोराना के पिता, पूर्व पार्षद अनिल बोराना के अंकल महेश बोराना का 65 वर्ष की आयु में दु:खद निधन हो गया। शिक्षक कॉलोनी स्थित निवास से निकली अंतिमयात्रा में समाजजनों व गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मुक्तिधाम पर पुत्र राजेश एवं पंकज बोराना ने मुखाग्नि दी। उल्लेखनीय है कि श्री बोराना ने लंबे समय तक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपलिया में अपनी सेवाएं दी, बाद में टकरावद से सेवानिवृत्त हुए, उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में उल्लेखनीय सेवाएं देकर लोगो का दिल जीता। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह माछोपुरिया, किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द व कमलेश पटेल, भाजयुमो प्रदेश सदस्य संदीपसिंह राठौड, प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष चंचलेश व्यास, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा, नप के पूर्व अध्यक्ष चौथमल गुप्ता, पूर्व पार्षद रमेश तेलकार व कमल परसिंधिया, मानसिंह चौहान, हिम्मत डांगी, निर्मलकुमार गर्ग, धर्मेन्द्र सोलंकी, जितेन्द्र गेहलोत, रत्नेश कुदार, राजेश संचेती, सचिन आर्य, रामचन्द्र करुण, विजय गेहलोत, राजेन्द्र भूत, कन्हैयालाल पाटीदार, जेठानंद होतवानी, कुंजीलाल पाटीदार के अलावा डॉक्टरगण विशाल गौड़, अरुण मून्दड़ा, प्रकाश कारपेंटर, दिनेश शर्मा, प्रदीप शम्र, डीकेशर्मा, जवाहर मंड्लोई, बसंत शर्मा, राजेन्द्र पाटीदार, आशीष तेलकार, मुकेश कुमावत सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अंतर्गत 31 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य श्री मुकेश मौर्य द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (झचखड) कॉपोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की शीर्ष 500 कंपनीयों मंज इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगारपरक बनाना है। यह कार्यक्रम युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यवसायिक वातावरण से अवगत करवाना है, जिससे उन्हें व्यावहारिक कौशल एवं कार्यानुभव प्राप्त करने में मदद मिले। साथ ही इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण, नवीनतम तकनीक एवं प्रक्रिया के माध्यम से प्रशिक्षण एवं नियमित रोजगार प्राप्त करने की योग्यता अर्जित करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत ऐसे युवा पात्र हैं, जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष के मध्य है. जिनकी शैक्षणिक योग्यता 10वी या उससे उच्च है तथा वे पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा में नहीं संलग्न नहीं है। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को राशि रु. 5000 प्रतिमाह स्टाइपेण्ड एवं इंटर्नशिप प्रारंभ होने पर एकमुश्त राशि रूपये 6000 प्राप्त होगी।

## भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु को दशपुर जागृति संगठन द्वारा...

# क्रांति चौराहे के साथ स्टेच्यु की मांग करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की



**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** क्रांतिकारियों के लिए समर्पित देश का पहला संगठन भगवान पशुपतिनाथ की नगरी से संचालित दशपुर जागृति संगठन द्वारा गांधी चौराहे पर रविवार की प्रात: 10.30 बजे तीनों महान क्रांतिकारियों भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरू को उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए पुष्पांजलि अर्पित करते हुए क्रांतिकारियों का यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान के नारों के साथ भुनिया खेड़ी स्थित बाईपास पर क्रांति चौराहा नामकरण के साथ तीनों महान क्रांतिकारियों के एक साथ आदमकद स्टेच्यू लगाने का मांग पत्र विधायक विपिन जैन को दिया गया उनके द्वारा आश्वासन दिया गया है कि मैं शीघ्र नगर पालिका को एवं योजना समिति में इस मांग को भेजूंगा आपके द्वारा जो स्थान चयन किया गया है वह बहुत सही है मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं मंदसौर नगरी क्रांतिकारियों की नगरी से पहचानी जा रही है उसमें मेरा जो भी सहयोग लगेगा मैं संगठन के साथ आपकी मांग को पूरा करने के लिए पूरा समर्थन दूंगा।

इस अवसर पर भगत सिंह के अंतिम पत्र का वाचन किया गया। पत्र का वाचन संगठन संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा किया गया। मांग पत्र संगठन अध्यक्ष डॉ देवेंद्र पुराणिक द्वारा किया गया। संगठन के उपाध्यक्ष चंद्र कुमार विश्नोई, इंजी. बी एस सिसोदिया, संगठन के संरक्षक राजाराम तंवर, परामर्शदाता वरिष्ठपत्रकार घनश्याम बटवाल, संगठन की महिला इकाई सीमा चौरडिया, वंदना भावसार द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित की गई। संगठन के मीडिया जयंत भावसार एवं अध्यक्ष अरुण गौड़ एवं विशेष सलाहकार जितेंद्र जैन, अजीजुल्ला खान खालिद, डॉ रविंद्र पांडे ने पुष्पांजलि अर्पित की। अभियोजक वरिष्ठ अभिभाषक भगवान सिंह चौहान, बंसीलाल टॉक पतंजलि योगपीठ ने कार्यक्रम में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए संगठन के कार्यों को सराहा। इस अवसर पर संयोजक सत्येंद्र सिंह सोम द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि देश के अंदर 52 किलो 10 किलो सोना मिलना भ्रष्टाचार में लिप्त समाज की जांच होना चाहिए प्रत्येक व्यक्ति को जांच के घेरे में लेना होगा। महान क्रांतिकारी का जो बलिदान हुआ है वह बेकार नहीं जाना चाहिए। देश के विधायक व सांसद को जिला स्तर पर बड़े स्तर पर इन महान क्रांति कार्यक्रमों आयोजित किया जाना चाहिए। हम शपथ लेते हैं इन महान क्रांतिकारियों के बलिदान दिवस पर कि हम देश के अंदर जब तक राजतंत्र की, अधिकारी तंत्र की जांच नहीं कर लेते इनका संरक्षण देने वाले इनके साथ कार्य करने वाले हर व्यक्ति की जांच होना चाहिए या बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना अति आवश्यक है यही वर्तमान समय की सबसे बड़ी कुर्बानी एवं बलिदान है हेमू कालानी का जन्म दिवस भी गोल चौराहा पहुंचकर संगठन द्वारा मनाया गया। संगठन के सभी ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया संगठन लगातार अपनी गति से कार्य कर रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल ने कहा कि यह मंदसौर नगरी का सौभाग्य है की क्रांति कार्यों के लिए एक संगठन कार्य कर रहा है यह हमें प्रेरणा देता रहता है। यह जानकारी संगठन के सब कोषाध्यक्ष अरुण गोड ने दी।

## चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन का कार्य कल से होगा प्रारंभ

**मंदसौर, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में रबी वर्ष 2024-25 में चना, मसूर एवं सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य 25 मार्च से शुरू होगा। सरकार ने चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी का कार्य 31 मई तक प्रस्तावित किया है। इसके लिए अब तक 19 हजार 436 किसानों ने चना, मसूर एवं सरसों के लिए पंजीयन कराया है। 9 हजार 314 किसानों ने चने के लिए पंजीयन करवाया है। 7 हजार 6 किसानों ने मसूर के लिए पंजीयन करवाया है। 3 हजार 116 किसानों ने सरसों के लिए पंजीयन करवाया है। चने का समर्थन मूल्य रू 5650/- क्विंटल, मसूर का समर्थन मूल्य रू 6700/- प्रति क्विंटल एवं सरसों का समर्थन मूल्य रु 5950/- प्रति क्विंटल) घोषित हुआ है। गेहूं के लिए अब तक 38 हजार 445 किसानों ने पंजीयन करवाया है।

# एक लाख वर्ग फीट में ब्रह्माकुमारीज के शिव मानसरोवर परिसर का निर्माण होगा

## भूमि जागरण कार्यक्रम में विधायक, नपा अध्यक्ष सहित सैंकड़ों ब्रह्मावत्सों ने भाग लिया



**नीमच, 23 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम बरूखेड़ा के बड़े तालाब के पास बायपास फोरलेन पर नीमच व मन्दसौर जिले के दस शहरी व 20 ग्रामीण स्थानों से सैंकडों ब्रह्मावत्सों का जमावड़ा प्रारंभ हो गया । यह अवसर था अन्तर्राष्ट्रीय शांतिदूत ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान द्वारा एक लाख वर्ग फीट भूमि पर षिशव मानसरोवर का एक विशाल परिसर विकसित किये जाने के लिए भू.जागरण राजयोग तपस्या कार्यक्रम का।

नीमच के अलावा जावद, मनासा, रामपुरा, जीरन, मल्हारगढ़, पिपलिया मण्डी, नारायणगढ आदि नगरीय क्षैत्रों तथा इनसे संबंधित 20 से अधिक ग्रामीण क्षैत्रों के सैंकडों राजयोगी ब्रह्मावत्स बरूखेड़ा तालाब के पास भूमि पर एकत्रित हुए तथा प्रातरू 6ण्30 बजे से ही गहन राजयोग तपस्या का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रस्तावित शिव मानसरोवर परिसर में निर्मित होने वाले लगभग चौदह हजार वर्ग फीट के विशाल हॉल के अलावा 35 फीट ऊंचे शिवलिंगाकार राजयोग साधना स्थल का निर्माण किया जाना। इसके अलावा शिव भोलानाथ का विशाल भण्डारा, आवासीय परिसर, हिलींग गार्डन, झरने, फव्वारे व खूबसूरत बगीचे आदि के साथ ही अलौकिक चार धाम का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। यह स्थान पूरे नीमच जिले में एक अद्वितीय खूबसूरती अपने में समेटे आध्यात्मिक एवं धार्मिक पवित्र धाम के रूप में विकसित किया जावेगा । उपरोक्त जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारीज़ के एरिया डायरेक्टर बी.के.सुरेन्द्र भाई ने बताया कि फोरलेन बायपास पर स्थित ग्राम बरूखेड़ा के बड़े तालाब के नजदीक लगभग एक लाख वर्ग फीट में यह परिसर विकसित किया जावेगा । इस हेतु आज प्रातरू काल से प्रथ्वी तत्व के भू.जागरण हेतु गहन राजयोग तपस्या के साथ ही स्नेह सम्मेलन व विशाल पवित्र ब्रह्माभोज का आयोजन रखा गया जिसमें नीमच के विधायक दिलीपसिंह परिहार, नपा अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चौपड़ा, बरूखेड़ा ग्राम पंचायत की सरपंच कचंन मांगीलाल माली, प्रसिद्ध उद्योगपति डी.एस. चौरड़िया, वासुदेव गर्ग एवं सहकारिता संघ के प्रदेशाध्यक्ष मदनलालजी राठौर आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर आध्यात्मिक समागम का शुभारंभ किया तथा सभी मंचासीन अतिथियों ने अपने शुभकामनाओं में शिव मानसरोवर परिसर के निर्माण कार्य में तन-मन-धन से अपना सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया । कार्यक्रम में सबझोन संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने निर्माणाधीन शिव मानसरोवर परिसर की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा सभी मंचासीन अतिथियों के साथ ही उपस्थित सैंकड़ों ब्रह्मावत्सों ने दो पवित्र शिव मानसरोवर कलश में अपनी सहयोग राशि डालकर भोलेनाथ की भंडारी का शुभारंभ किया । कार्यक्रम के अंत में सभी सैंकड़ों उपस्थित ब्रह्मावत्सों ने पवित्र ब्रह्माभोजन प्रसादी का रसास्वादन किया तथा सारे कार्यक्रम का सफल संचालन ब्रह्माकुमारी श्रुति दीदी ने किया ।


**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र, उज्जैन**

दूरभाष नं.-0734-2524462, ई-मेल-cepwdujjain@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रं.08/सामान्य/मु.अ./2024-25 उज्जैन, दिनांक-21.03.2025

***** निविदा सूचना *****

निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | जिला | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में) | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मंदसौर | 2025_PWDRB_411201_pack1 | शामगढ़ बायपास मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 5.50 किमी विद्युतीकरण कार्य सहित | 1169.07 | 18 माह वर्षाकाल सहित |

उपरोक्त वेबसाईट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाईन बिड सबमिशन की अंतिम दिनांक 14.04.2025 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र, उज्जैन

G-24692/24



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356

समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in